<u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>

<u>24.04.2026 / 09:20बजे</u>

मुख्य समाचार''

- पंचायती राज मंत्रालय आज नई दिल्ली में ऐतिहासिक 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के प्रभावी होने के स्मरण में मना रहा राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस।

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ने लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की–शिमला क्लब तक निर्माणाधीन यूटिलिटी डक्ट के कार्य को 10 मई तक पूरा करने के दिए निर्देश।

- राष्ट्रीय यांत्रिक स्वच्छता पारितंत्र नमस्ते योजना ने देश भर में स्वच्छता कर्मचारियों के सम्मान, सुरक्षा और स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण उपलब्धि की हासिल।

- जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में पर्यटन सीजन को देखते हुए जिला पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर दिया बल।

प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम साफ–मौसम विभाग ने कल से 28 अप्रैल तक वर्षा व बर्फबारी की जताई संभावना।

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस

पंचायती राज मंत्रालय आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मना रहा है। मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक संदेश समारोह में पढ़ा जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री का संदेश देश के पंचायती राज संस्थानों तथा ग्रामीण स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों में प्रचारित किया जाएगा। इस अवसर पर पंचायत उन्नति सूचकांक पर एक रिपोर्ट और मेरी पंचायत, मेरा धरोहर विषय पर तीन पुस्तकों का विमोचन किया जाएगा। यह दिवस ऐतिहासिक 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के प्रभावी होने के स्मरण में मनाया जाता है। इस अधिनियम ने देश में पंचायती राज संस्थानों को संवैधानिक दर्जा और कानूनी मान्यता प्रदान की।

<u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ने कल शिमला में लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक में उन्होंने शिमला क्लब तक निर्माणाधीन यूटिलिटी डक्ट के ऊपर तारकोल बिछाने का कार्य 10 मई तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लिफट तक यह कार्य 17 जून तक पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि शिमला न केवल

राज्य की राजधानी है बल्कि एक प्रमुख पर्यटन स्थल भी है जहां हर वर्ष लाखों पर्यटक आते हैं। उन्होंने कहा कि शहर को पेड़ों पर लटके तारों के जाल से मुक्त किया जाना चाहिए ताकि पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिल सके। उन्होंने कहा कि यह परियोजना पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

नमस्ते योजना

राष्ट्रीय यांत्रिक स्वच्छता पारितंत्र नमस्ते योजना ने देशभर में स्वच्छता कर्मचारियों के सम्मान, सुरक्षा और स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने बताया कि इस योजना के तहत कुल 90 हजार से अधिक सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों का संक्षिप्त और महत्वपूर्ण जानकारी संग्रह तैयार किया गया है जिनमें से 89 हजार 248 का सत्यापन किया गया है। मंत्रालय ने बताया कि इस योजना के तहत 87 हजार 37 कर्मचारियों को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं जबकि 76 हजार से अधिक कर्मचारियों को विभिन्न स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में शामिल किया गया है। मंत्रालय ने बताया कि सुरक्षा बुनियादी ढांचे को और मजबूत बनाने के लिए बड़े नगर निगमों और जिलों में स्थापित आपातकालीन प्रतिक्रिया स्वच्छता इकाईयों को 753 सुरक्षा उपकरण भेजे गए हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि यह योजना स्वच्छता कर्मचारियों के सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करने की सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता दर्शाती है।

पर्यटन सीजन

जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में इन दिनों बढ़ते पर्यटन सीजन को देखते हुए जिला पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए कड़े कदम उठायें है।

<u>उप मुख्यमंत्री</u>

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि राज्य सरकार सभी लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोग भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए स्वास्थ्य संस्थानों के जाल को लगातार मजबूत किया जा रहा है। वे कल हरोली विधानसभा क्षेत्र के बालीवाल गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन की आधारशिला रखने के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा क़ि इस सुविधा के निर्माण पर 1 करोड़ 34 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि हरोली आज विकास और आधुनिकीकरण का एक मॉडल है। उप. मुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली उप.मंडल में स्थित 100 बिस्तरों वाले सिविल अस्पताल में भी लगभग सभी सेवाओं के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध हैं।

## रिजनल प्लान

प्रदेश में भवनों के सुनियोजित निर्माण और आवासीय कॉलोनियों के व्यवस्थित विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में एक समग्र रीजनल प्लान तैयार किया जा रहा है। इस दिशा में प्रारंभिक चरण में प्रदेश के 6 जिलों में कार्य आरंभ कर दिया गया है जिसमें जिला चम्बा भी शामिल है। इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार द्वारा इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ आर्किटेक्ट के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया है। जिला चंबा में भी निर्माण कार्यों के दौरान नियमों के उल्लंघन के कई मामले संबंधित विभाग के समक्ष आए हैं जिसे लेकर अब विभागीय स्तर पर उड़नदस्ते बनाकर कार्रवाई की जाएगी।

## कृषि सम्मेलन

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय आज लखनऊ में उत्तर क्षेत्र कृषि सम्मेलन का आयोजन करेगा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्रालय ने कहा कि यह सम्मेलन कृषि को नए विचारों, नई तकनीकों और नए बाजारों से जोड़ने का एक मंच प्रदान करेगा। सम्मेलन में नकली कीटनाशकों और उर्वरकों पर नियंत्रण, उर्वरकों की कालाबाजारी पर रोक, वितरण प्रणालियों में सुधार और संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी।

## अभियान

जिला बिलासपुर में सेव वाटर, प्रिजर्व, प्रोटेक्ट एंड रिस्टोर अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है जिसका उद्देश्य जल के महत्व के प्रति लोगो को जागरूक करना है। यह अभियान 25 अप्रैल तक चलेगा।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों सेअपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 133वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी के द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। प्रदेश में कल से 28 अप्रैल के बीच आंधी, बारिश व बर्फबारी होने का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि 25 अप्रैल से प्रदेश में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिसके चलते प्रदेश में बारिश और हल्की बर्फबारी हो सकती है।

अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। सड़कें हैं या धूल के गुबार, अफसरों को अदालत में पेश होने के आदेश शीर्षक से अमर उजाला ने लिखा है हिमाचल में खस्ताहाल सड़कों पर हाईकोर्ट सख्त।

चेस्टर हिल मामले में ट्रायल शुरू, वकीलों ने मांगे दस्तावेज दैनिक जागरण की एक खबर है।

पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के हवाले से लिखा है 100 प्रतिशत दिव्यांगों को अब मिलेगी 3000 पैंशन।

मौसम की खबर को दैनिक भास्कर ने शीर्षक दिया है पहाड़ चढ़ने लगा पारा, अधिकतर इलाकों में तापमान 35 डिग्री पार, कल से बारिश के आसार।

दिव्य हिमाचल के अनुसार 28 अप्रैल तक जारी होगा पंचायत चुनाव शैडयूल, 27 को जारी होगी 450 पंचायतों की वोटर लिस्ट।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- पंचायती राज मंत्रालय आज नई दिल्ली में ऐतिहासिक 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के प्रभावी होने के स्मरण में मना रहा राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस।

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ने लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की–शिमला क्लब तक निर्माणाधीन यूटिलिटी डक्ट के कार्य को 10 मई तक पूरा करने के दिए निर्देश।

- राष्ट्रीय यांत्रिक स्वच्छता पारितंत्र नमस्ते योजना ने देश भर में स्वच्छता कर्मचारियों के सम्मान, सुरक्षा और स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण उपलब्धि की हासिल।

- जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में पर्यटन सीजन को देखते हुए जिला पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर दिया बल।

प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम साफ–मौसम विभाग ने कल से 28 अप्रैल तक वर्षा व बर्फबारी की जताई संभावना।